श्री नरेन्द्र मोहन: सभापति महोदय, मंत्री महोदया ने जो उत्तर दिया है उनके उत्तर से मेरा प्रश्न निकल रहा है। मंत्री महोदया ने अपने उत्तर में कहा कि सेबोटेज अभी भी हो रहा। तो गैसेल की जो दुर्घटना हुई उसके पीछे यह बात निर्णायक रूप में सामने आ चुकी है कि क्या वहां कोई सेबोटेज हुआ था और यह सेबोटेज के जो क्षेत्र हैं कौन-कौन से ऐसे रेलवे के ट्रक हैं जहां सेबोटेज की सर्वाधिक सम्भावनाएं हैं? मंत्री जी कृपा करके यह भी बताएं कि इस सेबोटेज को रोकने के लिए आप ने ऐसे कौन से प्रबन्ध किए हैं ताकि भविष्य में सेबोटेज कम से कम हों?

कुमारी ममता बनर्जी: सर, हमारा देश बहुत बड़ा देश है। हमारे देश में 62 हजार 800 किलोमीटर रेलवे का रूट है....(व्यवधान)

श्री नरेन्द्र मोहन: कौन-कौन से क्षेत्रों में सेबोटेज हो रहा है?

कुमारी ममता बनर्जी: हिन्दुस्तान ऐसा बड़ा देश है and railway is the lifeline of the nation. It is the main link of transportation in our country. We have 62,800 route kms. Every day, about 12,000 trains have to run. Nearly 1.2 million people use the railways. There are 7,000 railway stations also. The railways go from one part of the country to another. Sir, 62,800 kms. is too big a distance. There are vulnerable areas, there are some backward areas, there are interior areas and there are some difficult zones. Even if I know the areas, I think, Sir, for the safety and security of the passengers, I should not disclose all these things. Those who do not love this country, they want to sabotage. Because of possible sabotage, I do not think, we should disclose this story. If the Member can talk to me cofidentially, then I can pass on this information to him. (*Interruptions*) Sir, I can't say this on Gaisal accident because the investigation is still going on. Only after getting the report, can we say anything on that.

*367. [The Questioner (Shri K. C. Kondaiah) was absent. For Answer *vide* page 26 *infra*.]

Inquiry against Ex-President of ICC

*368. SHRI RAVI SHANKAR PRASAD:††
SHRI RAJIV RANJAN SINGH:

Will the Minister of YOUTH AFFAIRS AND SPORTS be pleased to state:

(a) whether an inquiry is going on against former President of International Cricket Council, Shri Jagmohan Dalmia, in match fixing;

††The question was actually asked on the floor of the House by Shri Ravi Shanker Prasad.

(b) if so, what is the outcome so far and by when the inquiry will be over; and

(c) by when Government would clarify the position in public?

THE MINISTER OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS AND MINISTER OF MINES (SHRI SUKHDEV SINGH DHINDSA): (a) to (c) A statement is laid on the Table of the House.

Statement

(a) to (c) The Government has entrusted the issue of match fixing to Central Bureau of Investigation (CBI) for appropriate inquiry, The CBI has been investigating the matter and has questioned many cricketers and office bearers of the BCCI, both past and present. The CBI has been asked to complete the inquiry expeditiously.

श्री रवि शंकर प्रसाद: सभापति महोदय, क्रिकेट अपना राष्ट्रीय खेल बना हुआ है। लेकिन इधर मैच फिक्सिंग के संदर्भ में जो बातें आई हैं उससे देश में एक बहुत बड़ी निराशा का वातावरण फैला हुआ है। सवाल सिर्फ सी.बी.आई. इंक्वायरी का ही नहीं है, सवाल है पूरे क्रिकेट के मैनेजमेंट का। आज क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में जो गड़बड़ियां हैं, जिस तरह के लोग वहां बैठे हुए हैं, जिस तरह से सलेक्शन में गड़बड़ियां होती हैं उसके बारे में जो जेन्युअन प्लेयर शिकायत करता है वह भी अपने आप में आज पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। मैं आप के माध्यम से आदरणीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि सीबीआई की इन्क्वायरी तो अपनी जगह पर चल रही है, लेकिन क्या भारत सरकार के मंत्री के रूप में आप क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की फंक्शनिंग में ट्रांसपरेंसी लायेंगे? क्रिकेटर्स के सलेक्शन में मैरिट को स्थान मिले और जो जेनुअन क्रिकेटर्स हैं, उनको बोर्ड में स्थान मिले, इसके संबंध में क्या सरकार कोई कार्रवाई करने की सोच रही है?

श्री सुखदेव सिंह ढिंडसा: चेयरमैन सर, जहां तक सीबीआई की इन्क्वायरी का सवाल है वह तो पार्लियामेंट के दोनों हाउसिज में यह राय बनी थी कि सीबीआई को इन्क्वायरी दी जाये। जहां तक टीम के सलेक्शन का सवाल है तो वह अटोनोमस बॉडी है, बीसीसीआई भी अटोनोमस बॉडी है, हम उसके कार्य में दखल नहीं देते हैं और न ही सरकार का कोई ऐसा इरादा है। जो नई स्पोर्ट्स पालिसी आ रही है उसमें हम कोशिश करेंगे कि कोई भी फेडरेशन हो, चाहे वह बीसीसीआई हो या कोई और हो, उसको भी नेशन के प्रति एकाउंटेबल होना चाहिए, उसमें ऐसा प्रावधान करने की हम कोशिश करेंगे । उसका सुझाव आ रहा है। हम नेक्स्ट सेशन में स्पोर्ट्स पालिसी ला रहे हैं।

श्री रवि शंकर प्रसाद: सभापति महोदय, मंत्री जी ने अपने उत्तर में सीबीआई इन्क्वायरी कब तक पूरी होगी इसका कोई संकेत नहीं दिया है। सीबीआई अपना काम कर रही है लेकिन विच हंटिग

भी नहीं होनी चाहिए, यह मेरा आग्रह है। मंत्री जी यह बताएंगे कि यह पूरी इन्क्वायरी समय से पूरी हो इसके बारे में सरकार क्या प्रयास कर रही है और क्या इसकी कोई समय-सीमा तय की है?

श्री सुखदेव सिंह ढिंडसा: सर, मैं हाउस को यह बताना चाहता हूं कि सीबीआई जांच का समय तो नियत नहीं किया जा सकता है क्योंकि सीबीआई का सिस्टम ही ऐसा है कि एक से इन्क्वायरी की और फिर दूसरा नाम निकल आया, लेकिन वह प्रायोरिटी पर यह इन्क्वायरी कर रही है और उन्होंने हमें यकीन दिलाया है कि सितम्बर के महीने में वे इंटेरिम रिपोर्ट हमको दे देंगे।

श्री राजीव रंजन सिंह: सभापति महोदय, मैं मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि जो सीबीआई जांच चल रही है उसमें प्रश्न बहुत स्पेसिफिक था कि श्री जगमोहन डालमिया जी के विरुद्ध जांच चल रही है या नहीं? मंत्री जी क्या यह बताने की कृपा करेंगे कि जो सीबीआई की जांच चल रही है उसमें श्री जगमोहन डालमिया जी के विरुद्ध भी जांच हो रही है?

श्री सुखदेव सिंह ढिंडसा: सर, उसमें तो सभी पहलुओं पर जांच हो रही है। उसमें आफिशियल हों, प्लेयर्स हों, बुकीज हों या और कोई हो, उसमें सभी की इन्क्वायरी हो रही है। उसमें कोई स्पेसिफिक जांच बाई नेम नहीं हो रही है। सीबीआई सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

श्री राजीव रंजन सिंह: सर, मेरा दूसरा सवाल है कि..

श्री सभापति: आप दूसरा सवाल नहीं कर सकते हैं। श्री संजय निरुपम।

श्री संजय निरुपम: सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय को यह बताना चाहता हूं कि जब से जगमोहन डालमिया जी आईसीसीआई के प्रेजीडेंट बने हैं तब से सबसे ज्यादा मैच फिक्सिंग के आरोप लगे हैं। मैं यह कहना चाहता हूं कि जिन लोगों ने, जिन खिलाड़ियों ने मैच फिक्सिंग के आरोप लगाये, उन खिलाड़ियों के जो बेनीवोलेंट फंड्स हैं, उन फंड्स को रोकने के लिए बीसीसीआई ने बहुत ही डिसक्रिमिनेट हो करके निर्णय लिया है, उन खिलाड़ियों को जो बेनीवोलेंट फंड है उसको दिलाने के लिए सरकार क्या बीसीसीआई पर किसी प्रकार का दबाव डालेगी?

श्री सुखदेव सिंह ढिंडसा: सभापति महोदय, वैसे तो आनरेबल मेम्बर ने इन्फारमेशन ही दी है, जहां तक खिलाड़ियों का सवाल है। मैंने इसीलिए बीसीसीआई से रिपोर्ट मांगी थी कि 2005 विजन रिपोर्ट आप हमें दे दीजिए। हमारे जो आने वाले खिलाड़ी होंगे, जो जूनियर प्लेयर्स हैं, आपके पास कितना पैसा है और आप उनके लिए क्या-क्या करने जा रहे हैं? इस गेम को बढ़ाने के लिए आपने क्या किया है और आगे क्या करने जा रहे हो? उन्होंने वह रिपोर्ट दे दी है। उस पर हम विचार कर रहे हैं। उसके बाद उसके संबंध में कई और सुझाव दे, उनको एक्सेप्ट करने के बाद ही हम कोई फैसला करेंगे।

श्री संजय निरुपम: सभापति महोदय, मैं मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि पिछले दो-तीन

वर्ष से मनोज प्रभाकर अपने बेनीवोलेंट फंड के लिए बीसीसीआई से पत्र व्यवहार कर रहे हैं, लेकिन बीसीसीआई की तरफ से उन्हें अभी तक कोई उत्तर नहीं आया है। ऐसा लग रहा है कि बीसीसीआई मनोज प्रभाकर का जान-बूझकर बेनीवोलेंट फंड जब्त करना चाहती है, वह उसको देना नहीं चाहती है। मैं पूछना चाहता हूं कि सरकार इस दिशा में क्या कदम उठा रही है?

MR. CHAIRMAN: Question Hour is over.

WRITTEN ANSWERS TO STARRED QUESTIONS

Railway Projects in Maharashtra

*361. SHRI VIJAY J. DARDA: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government have recently reviewed performance of ongoing railway projects in Maharashtra;

(b) if so, the details thereof, project-wise, in terms of physical and financial targets set and achieved for the past three years;

(c) the details of outlays provided, project-wise for the current year in Maharashtra, including financial assistance released and likely to be available; and

(d) the details of new proposals received from the State Government and action taken thereon?

THE MINISTER OF RAILWAYS (KUMARI MAMATA BANERJEE): (a) to (c) The review of projects is a continuous exercise which is undertaken at various levels in Divisions, Zones and Railway Board. Details of all ongoing projects in Maharashtra including status of each of these projects is given in the Annexure [*See* Appendix. 190 Annexure No.37] Target dates for completion, wherever available, are mentioned in the column where status of the projects has been given.

(d) Chief Minister of Maharashtra has recently proposed a second line between Panvel and Karjat to be constructed under Build Own Lease and Transfer (BOLT) scheme. The proposal has been examined. A single line between Panvel and Karjat is already under construction. Projected traffic on this route does not justify a second line at present.